पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्था सम्मानित

आबू रोड, २८ नवम्बर, निसं। पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरे तथा हो रही प्रकृति बदलाव के प्रभाव से बचने तथा मानव जाति की सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पृथ्वी को बचाने के प्रयास के लिए जी न्यूज द्वारा सन् २०१०-११ में चलाये गये 'मेरी धरती मेरा कर्त्तव्य' अभियान में ब्रह्माकुमारीज संस्था ने बड़े पैमाने पर पूरे देशभर में लाखों की संख्या में पेड़ पौधे लगाये गये थे जो एक वृक्ष का रूप ले रहे है। इस विशेष कार्यों के तहत जी न्यूज द्वारा २४ नवम्बर को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में दिये गये सम्मान को संस्था की ओर से संस्था के कार्यकारी सचिव ब्र. कु. मृत्युंजय ने माय अर्थ माय डयूटी सम्मान को स्वीकार किया। यह सम्मान भारत सरकार के युवा एवं खेल मामलों के संयुक्त सचिव तथा नेहरू युवा केन्द्र के महानिदेशक राकेश मोहन तथा जी न्यूज के मार्केटिंग हेड रोहित कुमार द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर देश व विदेश के सैकड़ों की संख्या में पर्यावरण प्रेमी, वरिष्ठ पत्रकार, मौजूद थे। वर्तमान समय विश्व में पर्यावरण के क्षेत्र में बढ़ रहे संकट से बचने के लिए कई अनेक बातों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारीज संस्था शांतिवन के एपीआरओ ब्र. कु. कोमल भी मौजूद थे।

फोटो, २८एबीआरओपी १ माय अर्थ माय डयूटी सम्मान प्रदान करते अतिथि।